राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)
17-बी, श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली- 110016
National Institute of Educational Planning and Administration
(Deemed-to-be-University)
17-B, Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016

विज्ञापन. **05/2023/नीपा**

# आशुलिपिक ग्रेड-I की भर्ती के लिए रोजगार सूचना
# (प्रतिनियुक्ति के आधार पर)

संस्थान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर 'आशुलिपिक ग्रेड-I' के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद का विवरण इस प्रकार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | आशुलिपिक ग्रेड-। |
| 2. | वेतन स्तर | स्तर -6 (35,400-1,12,400 रुपये) |
| 3. | पदों की संख्या | 05 (पांच) |
| 4. | सेवा समूह | 'बी' |
| 5. | भर्ती की विधि | तीन वर्ष की अवधि के लिए निश्चित कार्यकाल के आधार पर प्रतिनियुक्ति द्वारा |
| 6. | जिस ग्रेड से प्रतिनियुक्ति की जानी है | केंद्र सरकार/विश्वविद्यालयों के अधीन आशुलिपिक के पद पर कार्यरत अधिकारी<br><br>(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद पर कार्यरत; या<br><br>(ii) वेतन बैंड I में दस साल की नियमित सेवा के साथ 2400 रुपये का ग्रेड वेतन या समकक्ष [नीपा में स्तर -4 (25,500-81,100 रुपये) में आशुलिपिक ग्रेड- II]<br><br>(iii) डीओपीटी के दिशा-निर्देश [ओएम संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन II) दिनांक 17.06.2010] और समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा।<br>(iv) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन अग्रेषित करने पर उचित विचार किया जाएगा। |
| 7. | अधिकतम आयु सीमा | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं। |

**आवेदन कैसे करें:**

पात्रता मानदंड पूरा करने वाले अभ्यर्थी भर्ती अधिसूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र भर सकते हैं।

अभ्यर्थी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन पत्र के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को संलग्न करेंगे:

(क) शैक्षिक प्रमाण पत्र कालानुक्रमिक क्रम में उल्लेख किया जाना चाहिए यानी एसएससी / 10 वीं, इंटरमीडिएट / 12 वीं, डिप्लोमा, यूजी डिग्री, पीजी डिग्री, मार्कशीट और डिग्री आदि की स्व-सत्यापित प्रतियाँ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(ख) अनुभव का उल्लेख कालानुक्रमिक क्रम में किया जाना चाहिए अर्थात प्रारंभिक से शुरू करते हुए रोजगार के नवीनतम अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें।

(ग) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी श्रेणी प्रमाण पत्र, यदि कोई हो, की स्वप्रमाणित प्रति।

(घ) नियंत्रण अधिकारी, जो उपसचिव के पद की श्रेणी से नीचे न हो, के माध्यम से पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की प्रमाणित प्रतियां, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र।

(ङ) वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र, कि चयन की स्थिति में, कर्मचारी को नियुक्ति हेतु कार्यमुक्त किया जा सकता है। जो लोग 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' (एनओसी) जमा करने में असमर्थ हैं, उन्हें अपने आवेदन के साथ एक वचन पत्र जमा करना होगा। अंतिम चयन पर एनओसी जमा की जाएगी।

(च) निम्नलिखित वैध फोटो पहचान (आईडी) में से एक की फोटोकॉपी संलग्न करें: आधार-यूआईडी (अधिक उपयुक्त)/पासपोर्ट/पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र। नियुक्ति के समय सत्यापन के लिए आपको मूल आईडी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

(छ) उपरोक्त सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन पत्र **प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, 17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली -110016** को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाए।
आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें:-
www.niepa.ac.in ⇨ Jobs ⇨ Regular/Permanent/ Vacancies

## सामान्य नियम एवं शर्तें

(क) असाधारण उत्कृष्ट अभ्यर्थी के संबंध में योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकताओं में छूट दी जा सकती है। संस्थान किसी भी या सभी पदों को बढ़ाने / घटाने या भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ख) संस्थान वार्षिक आधार पर अधिकारी के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करेगा। असंतोषजनक प्रदर्शन के मामले में, संस्थान कर्मचारी को मूल विभाग में प्रत्यावर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ग) किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए, **प्रशासनिक अधिकारी, नीपा [ao@niepa.ac.in]** को ई-मेल भेजा जा सकता है। अद्यतन या जानकारी हेतु, यदि कोई हो, तो अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे संस्थान की वेबसाइट **www.niepa.ac.in** देखें।

(घ) चयन चिकित्सा प्रमाण पर निर्भर करेगा।

(ङ) अधूरे आवेदन पत्र या किसी भी झूठी घोषणा या दस्तावेजों के झूठेकरण के परिणामस्वरूप चयन प्रक्रिया के किसी

भी स्तर पर या चयन के बाद आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

(च) अंतिम चयन के समय सत्यापन के लिए योग्यता और अनुभव के समर्थन में मूल प्रमाणपत्र आवश्यक हैं।

(छ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

(ज) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट कर लें कि उनके पास विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अनुभव है। हालांकि, पात्रता मानदंड को पूरा करने मात्र से आवेदक चयन के लिए विचार किए जाने का हकदार नहीं हो जाता है।

(झ) आवेदित पद के लिए अभ्यर्थी की पात्रता आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार मानी जायेगी।

(ञ) चयन की प्रक्रिया में किसी असावधानीवश हुई गलती के मामले में, जो नियुक्ति पत्र जारी करने के बाद भी किसी भी स्तर पर पता चल सकती है, संस्थान के पास इस संबंध में आवेदक को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

(ट) किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।

(ठ) बिना फोटोग्राफ, हस्ताक्षर तथा आयु/शैक्षणिक योग्यता/अनुभव आदि के समर्थन में आवश्यक प्रमाण-पत्रों के बिना आवेदन पत्र को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(ड) चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए आवेदकों को कोई टीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(ढ) आवेदनों की छंटनी के लिए मापदंड तय करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

(ण) **संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

(त) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन पत्र पहले ही जमा कर दें। **किसी भी डाक विलंब** से बचने के लिए उन्हें जमा करने की अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए।

(थ) भर्ती प्रक्रिया को बिना कोई कारण बताए निरस्त/निलंबित/समाप्त किया जा सकता है। नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

(द) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के **प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर** है।

**कुलसचिव**

**नोट: हिन्दी विज्ञापन में अंग्रेजी विज्ञापन से असमंजस की स्थिति में अंग्रेजी विज्ञापन ही मान्य होगा।**